उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-37 का उत्तर ।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 37(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-इटावा के तहसील क्षेत्र-सैंफई में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर के नाम से पार्क बनाने हेतु भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ? | आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ०प्र०लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी आख्यानुसार तहसील क्षेत्र-सैंफई में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर के नाम ग्राम-ककरारा में गाटा संख्या-46मि०/0.1210 हे०, ग्राम-बरौलीकला में गाटा संख्या-987/0.0200 हे०, ग्राम-भगवतीपुर दुर्गाप्रसाद में गाटा संख्या-206मि०/0.2430 हे०, ग्राम-लछवाई में गाटा संख्या-1070/0.0610 हे०, ग्राम-वैदपुर में गाटा संख्या-116मि०/0.6680 हे०, ग्राम-हीरपुर में गाटा संख्या-105मि०/0.2020 हे० व ग्राम-नगला अनिया में गाटा संख्या-596मि०/0.2430 हे० भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उसके इंतखाब की छाया प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | संबंधित खतौनी https://upbhulekh.gov.in पर देखी जा सकती है। |
| (ग) | क्या उक्त अभिलेखों में दर्ज भूमि पर डा० अम्बेडकर पार्क निर्मित करायेंगे ? | धनराशि की उपलब्धता एवं ग्राम पंचायत/स्थानीय निकाय के निर्णय के अधीन अम्बेडकर पार्क निर्मित करायेगें। |
| (घ) | यदि हाँ, तो अब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।